स्वस्थ, स्वच्छ और पोषित समाज के लिए राजीविका की भूमिका महत्वपूर्ण

कवर्जेन्स विभाग भी समन्वय से करें कार्य, एफएनएचडब्ल्यू एवं जेण्डर गतिविधियों की जिला समन्वय बैठक व कार्यशाला

उदयपुर, 7 मार्च। राजीविका और यूनिसेफ के तत्वावधान में चलाए जा रहे खाद्य पोषण स्वास्थ्य एवं स्वच्छता (एफएनएचडब्ल्यू) एवं जेण्डर कार्यक्रम की जिला स्तरीय समन्वय बैठक एवं कार्यशाला बुधवार को जिला कलक्टर के निर्देशन में जिला परिषद सभागार में एसीईओ ताहिर अंजुम सम्मा के आतिथ्य में हुई।

राजीविका के जिला परियोजना प्रबंधक बृजमोहन गुप्ता ने अतिथियों और संभागियों का स्वागत करते हुए जिले में राजीविका गतिविधियों की जानकारी दी। यूनिसेफ जयपुर से आए राज्य सलाहकार प्रियांशु शर्मा ने पीपीटी के माध्यम से एफएनएचडब्ल्यू गतिविधियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि एफएनएचडब्ल्यू का उद्देश्य स्वयं सहायता समूह से जुड़े परिवारों में स्वास्थ्य, पोषण और स्वच्छता संबंधित विषयों पर जागरूकता बढ़ाना है। उन्होंने एफएनएचडब्ल्यू के माध्यम से चल रही एक-एक गतिविधि यथा प्रशिक्षण, गृह भ्रमण, पोषण वाटिका, टीकाकरण जागरूकता, एमसीएचएन दिवस पर सहयोगात्मक गतिविधियां आदि में राजीविका की महिलाओं की सक्रिय भूमिका की जानकारी दी।

मुख्य अतिथि एसीईओ ताहिर अंजुम सम्मा ने कहा कि स्वस्थ, स्वच्छ और पोषित समाज विशेष कर महिला समाज के लिए राजीविका की भूमिका महत्वपूर्ण है। राजीविका की बहनें घर-घर तक पहुंच कर महिलाओं को इसके लिए जागरूक कर रही हैं। उन्होंने समन्वय विभागों को राजीविका का सहयोग लेकर एफएनएचडब्ल्यू एवं जेण्डर से जुड़ी योजनाओं का कवरेज क्षेत्र बढ़ाने के निर्देश दिए। यूनिसेफ जिला अधिकारी यशी पालीवाल एवं डीबीआईबी राजीविका मेघा शर्मा ने भी क्रमश: यूनिसेफ और राजीविका कार्यक्रमों एवं गतिविधियों की जानकारी दी। कार्यशाला में समन्वय विभागों चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, कृषि, पुलिस, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, पंचायतीराज एवं शिक्षा विभाग के अधिकारियों-प्रतिनिधियों ने एफएनएचडब्ल्यू में सहायक विभागीय योजनाओं की जानकारी देते हुए पूर्ण सहयोग का भरोसा दिलाया। राजीविका की महिलाओं ने अपने अनुभव भी साझा किए।

बैठक में संयुक्त निदेशक कृषि माधोसिंह चंपावत, आरसीएचओ डॉ अशोक आदित्य, सहायक निदेशक कृषि डॉ डीपीसिंह राठौड़, , सहायक निदेशक उद्यानिकी डॉ जिज्ञासा त्रिवेदी, बीडीओ गिर्वा गजराज मेनारिया, सीडीपीओ गिर्वा गरिमा उपाध्याय, वर्ल्ड बैंक डीएम हेमराज सहित विभागीय प्रतिनिधि तथा राजीविका से जुड़ी महिलाएं उपस्थित रही।

झाड़ोल व ऋषभदेव में संचालित है एफएनएचडब्ल्यू गतिविधियां : बैठक में बताया गया कि प्रदेश के 23 जिलों के 34 ब्लॉक में यह गतिविधियां संचालित हैं। इसमें उदयपुर जिले के झाडोल और ऋषभदेव ब्लॉक में इन गतिविधियों का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है।

प्रधानमंत्री उज्जवला योजना शिविर में 70 महिलाओ को निशुल्क उज्जवला गैस कनेक्शन वितरित किए

बांसखोह, 7 मार्च। बस स्टैंड पर मठ महादेव मंदिर में प्रधानमंत्री उज्जवला योजना शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर भाजपा नेता चंद्रमोहन मीणा, जिला पार्षद बाबूलाल झालरा, सरपंच सुमन शर्मा भाजपा पूर्वी मंडल अध्यक्ष गेंदीलाल मीणा, कैलाश शर्मा, धर्मसिंह खेड़ला, विनोद प्रजापति, शंकरलाल जांगिड़, जिला अध्यक्ष ओबीसी मोर्चा, मण्डल अध्यक्ष रामफूल शर्मा कानोता, अन्य आए हुए सभी अतिथियों का माला व साफा पहनाकर धवन इंडेन ग्रामीण वितरक प्रोपराइटर राधेश्याम धवन के नेतृत्व मे किया। इस मौके पर करीब 70 महिलाओ को प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के तहत निशुल्क गैस कनेक्शन वितरित किए।

इस मौके पर धवन इंडेन ग्रामीण वितरक प्रोपराइटर राधेश्याम धवन का भी आए हुए अतिथियों द्वारा माला व साफा पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर महिलाओं में भी काफी उत्साह दिखाई दिया। महिलाओं का कहना है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा हमे गैस कनेक्शन मिला और हमे बहुत खुशी हुई। इसी के साथ ही भाजपा नेता चंद्रमोहन मीणा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में सभी को जागरूक किया। इस मौके पर धवन इंडेन ग्रामीण वितरक प्रोपराइटर राधेश्याम धवन, चंद्रकांत शर्मा, फेलिराम मीणा, धर्मराज मीना, रामबाबू शर्मा समस्त स्टाफ मौजूद थे। इस दौरान मोहनलाल मीणा, रामधन नागरवाल, संजय धवन, राजेश महंत, मनोज पांचाल, महेन्द्र स्वामी, निखिल जांगिड़ व अन्य काफी संख्या में ग्रामीण लोग मौजूद थे। इस मौके पर मीडियाकर्मी योगेश कुमार गुप्ता का भी माला व साफा पहनाकर स्वागत किया।

एमडी प्रतिहार ने संभाला कार्यभार

कोटा, 7 मार्च। राजस्थान प्रशासनिक सेवा के अधिकारी मुरलीधर प्रतिहार ने बुधवार को राजस्व अपील अधिकारी के पद पर कार्यभार ग्रहण कर लिया।

इससे पहले प्रतिहार सीईओ जिला परिषद सवाई माधोपुर, एडीएम करौली के पद सहित विभिन्न पदों पर बूंदी और कोटा में सेवाएं दे चुके हैं।

जिला स्तरीय बैंकर्स समन्वय एवं समीक्षा समिति की बैठक आयोजित

धौलपुर, 7 मार्च। जिला स्तरीय बैंकर्स समन्वय एवं समीक्षा समिति की बैठक का आयोजन जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में जिले में विभिन्न बैंकों द्वारा जमा-ऋण अनुपात को और बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया गया। बैंकों की जमा ऋण अनुपात को और बढ़ाने के लिए बैंक के अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

आकांक्षी जिला कार्यक्रम के मुख्य संकेतक में प्रधानमंत्री जन धन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना, प्रधान मंत्री सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, आधार सीडिंग व किसान क्रेडिट कार्ड आदि की जागरूकता तथा तीव्र क्रियान्वयन के लिए सभी बैंकों को निर्देश दिये। बैठक में बैंक की वार्षिक साख योजना पर भी चर्चा की गई। जिला कलक्टर ने कहा कि प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम में पेंडेन्सी का तीव्र निस्तारण किया जाये।

उन्होंने कहा कि इरादतन ऋण डिफॉल्टर्स के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जाये। जिला कलक्टर ने कहा सभी बैंकर्स व विकास से जुडे अधिकारी आपसी तालमेल के साथ किसानों व काश्तकारों के हितों मे कार्य करें। उन्होने कहा भारत सरकार व राज्य सरकार द्वारा अनेको योजनाएं चलाई जा रही है उनका शत प्रतिशत लाभ पात्र व्यक्तियो तक पहुंचना चाहिए।

जिला कलक्टर ने यह भी कहा कि बैंक सरकारी योजनाओं के अंतर्गत प्रायोजित ऋण प्रस्तावों जैसे ग्रामीण आजीविका मिशन, शहरी आजीविका मिशन, पी एम स्वनिधि इत्यादि का शीघ्र निपटारा सुनिश्चित किया जाए।

इससे पहले बैठक में अग्रणी जिला प्रबन्धक मंगेश कुमार ने विभिन्न जानकारियां एवं आँकड़े अध्यक्ष के समक्ष रखे। बैठक में अग्रणी जिला प्रबंधक द्वारा वर्ष 2023-24 की दिसम्बर तिमाही के लक्ष्यों, साख, जमानुपात, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना की प्रगति तथा वार्षिक साख योजना की समीक्षा की गई।

बैठक में विभिन्न बैंक प्रबंधक और और जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

औद्योगिक क्षेत्र की समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण हो-जिला कलक्टर

धौलपुर, 7 मार्च। विवाद एवं शिकायत निवारण तंत्र, जिला निर्यात संवर्धन समिति तथा जिला सशक्त एकल खिडकी योजना की बैठक जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में जिला कलक्टर ने कहा कि औद्योगिक क्षेत्र की समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण हो। बिजली, पानी की आपूर्ति सहित राजस्व संबंधित महत्वपूर्ण मामलों में समुचित और समयबद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। जिला उद्योग महाप्रबन्धक मितुल गोयल ने औद्योगिक क्षेत्रों में बिजली, पानी, सड़क, रीको औद्योगिक क्षेत्र के विस्तार, औद्योगिक क्षेत्रों के रख-रखाव व विकास कार्यों, राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना में प्राप्त आवेदनों सहित पूर्व बैठकों में लिये गए निर्णयों की क्रियान्विति से अवगत कराया।

कोटक महिन्द्रा बैंक लिमिटेड

आस्ति की ऑनलाइन ई-नीलामी बिक्री

पंजीकृत कार्यालय : 27 बीकेसी, सी-27, जी ब्लॉक, बान्द्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बान्द्रा(ईस्ट), मुंबई-400051 शाखा कार्यालय : प्रथम तल, 232-233 एसडीसी टावर, निकट आम्रपाली सर्किल, हनुमान नगर, वैशाली नगर, जयपुर-302021

अचल सम्पत्तियों की बिक्री हेतु बिक्री सूचना

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण तथा पुनरनिर्माण और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 8 (5) के साथ पठित नियम 9(1)के परंतुक के तहत अचल आस्ति की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना एतद्द्वारा सर्व साधारण को और विशेष रूप से कर्जदार(रों) तथा गारंटर(रों) को सूचना दी जाती है कि बजाज हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (बीएचएफएल) द्वारा कोटक महिन्द्रा बैंक लिमिटेड के पक्ष में ऋण के समनुदेशन के अनुसरण में, प्रत्याभूत लेनदार के पास बंधक/प्रभारित निम्नवर्णित अचल सम्पत्ति, जिसका भौतिक कब्जा कोटक महिन्द्रा बैंक लिमिटेड, केएमबीएल के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा **15-07-2022** को प्राप्त किया जा चुका है, **श्री मुकेश पटेल पुत्र श्री मगन भाई पटेल एवं 2. श्रीमती सोनल पटेल पत्नी श्री मुकेश भाई पटेल द्वारा केएमबीएल, प्रतिभूत लेनदार को ऋण खाता सं. VH63VKJ,PCH95912807 एवं VH63VKJ,PVH99200059** में **05-03-2024** तक देय बकाया **राशि रू. 25,80,017/- (रूपए पच्चीस लाख अस्सी हजार सत्रह मात्र) + 06-03-2024** से वसूली तक भावी ब्याज और सभी अनुषंगी लागतों, प्रभारों एवं खर्चों सहित की वसूली के लिए दिनांक **27-03-2024 को मध्या. 12.00 बजे से अप. 01.00 बजे तक के बीच 5 मिनट** प्रत्येक के असीमित विस्तारों के साथ "जैसी है जहां है", जैसी है जो है" तथा "जो भी है वहां है" आधार पर बेची जाएगी। **सुरक्षित मूल्य** रू. 8,00,000/- (रूपए आठ लाख मात्र) तथा **धरोहर राशि जमा** रू. 80000/- (रूपए अस्सी हजार मात्र) होगी तथा केवाईसी सहित ईएमडी जमा की अंतिम तिथि **26-03-2024** अप. 6.00 बजे (आईएसटी) तक है। **सम्पत्ति का वर्णन :-** सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : फ्लैट नंबर 413, चतुर्थ तल, रॉयल कोर्ट, टावर 7, खसरा नंबर 1205 तथा 1206, ग्राम पेपली, तहसील बेहरोड़, नीमराणा, अलवर-301701. कर्जदार/ सह-कर्जदार/ गारंटर/बंधकदाता का ध्यान, प्रत्याभूत आस्तियों को छुड़ाने के लिए, उपलब्ध समय के संबंध में, अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधान की ओर आकृष्ट किया जाता है। सर्वसाधारण और विशेष रूप से कर्जदार ध्यान दें कि यदि उक्त नीलामी किसी भी कारण से असफल होजाती है तो प्रतिभूत लेनदार स्वयं के विवेकानुसार प्राइवेट ट्रीटी द्वारा बिक्री द्वारा प्रतिभूति हित प्रवर्तित कर सकता है। बिक्री, के संबंध मे किसी स्पष्टीकरण/अपेक्षा के लिए बोलीदाता **श्री रवीन्द्र सिंह गोदरा (+91 9983999074) सुश्री लक्ष्मी चौधरी (+91 7412032966), श्री अक्षत सोलंकी (+91 7302111608) एवं श्री राजेन्द्र दहिया (+91 8448264515) से सम्पर्क करें।** बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों के लिए कृपया कोटक महिन्द्रा बैंक वेबसाइट **www.kotak.com** तथा/अथवा **http://bankauctions.in** में उपलब्ध कराया गया लिंक **https://www.kotak.com/en/bank-auctions.html** देखें।

स्थान : अलवर, तिथि : 07-03-2024 वास्ते कोटक महिन्द्रा बैंक लिमिटेड, प्राधिकृत अधिकारी

कार्यालय अधिशाषी अभियंता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड-नगर (डीग)

क्रमांकः 296 दिनांकः 27.02.2024

निविदा सूचना संख्या : 04/2023-24

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से सा.नि.वि. खण्ड-नगर के अधीन दो सड़क निर्माण निर्माण कार्य (दोष निवारण अवधि 5 वर्ष सहित) के लिए उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार/केन्द्रीय सरकार के अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/ डाक एवं दूर संचार विभाग/ रेलवे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के विभिन्न सक्षम श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेंट प्रक्रिया हेतु ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है।

निविदा से सम्बन्धित विवरण वेबसाइट **www.eproc.rajasthan.gov.in** एवं **www.sppp.raj.nic.in** पर देखा जा सकता है। इच्छुक संवेदकों को अपने डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से वेबसाइट **www.eproc.rajasthan.gov.in** पर रजिस्टर करवाना आवश्यक है।

NIB No.: PWD2324A4764

UBN No.: PWD2324WSOB20619, PWD2324WSOB20620

अधिशाषी अभियंता

डीआईपीआर/सी/2047/2024 सा.नि.वि. खण्ड नगर

EXECUTIVE ENGINEER PHED, DIVISION ALWAR

Manu Marg Alwar (Raj.)

E-Mail: ee.alw.phed@rajasthan.gov.in, phed_eealw@rediffmail.com

No.: 7781-94 Date: 28.02.2024

NOTICE INVITING BID (NIB No. 57/2023-24)

Bids for Annual rate contract for transportation of water through tankers from April 2024 to August 2024 in UWSS Alwar under the jurisdiction of Executive Engineer PHED Division Alwar, District Alwar are invited from interested bidders from date 29.02.2024 to Date11.03.2024 upto 05.00 PM. Other particulars of the Bid may be visited on the procurement portal **(http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in)** of the state and **https://phedwater.rajasthan.gov.in** departmental website.

NIB:- PHE2324A5907, **UBN:-** PHE2324WSRC14104

S.N.	Item	DETAILS
a)	Estimated Cost	Rs. **120.00** Lacs
b)	Earnest Money Deposit	Rs. 2,40,000/- (@2%) Rs. 60,000/- (@0.5%) for contractors enlisted in PHED Deposited in Budget head 8443-00-108-00-00 through e-gras porta in favbour of DDO code **5655** Executive Engineer, PHED Division Alwar **From 29.02.2024 to 11.03.2024 upto 5.00 PM**
c)	Cost of BID Document (Non Refundable)	**Rs. 5000/-** To be deposited in revenue head **0075-00-800-52-01** online through **http://egras.raj.nic.in** in favors of Code 5655 **Executive Engineer, PHED Division ALWAR**
d)	E-Procurement processing fees (Non Refundable)	**Rs. 1500/- RISL Fees per bidder per bid.** The above charges will be collected additionally through single challan on e-GRAS along with prescribed bid document fee from the bidder. **Head 8658-00-102-16-02**

DIPR/C/2043/2024 Executive Engineer, PHED Division Alwar

राष्ट्रीय लोक अदालत 9 को, एडीजे शर्मा ने एडीएम सिटी के साथ ली बैठक

उदयपुर, 7 मार्च। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के तत्वावधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष के निर्देशन में आगामी 9 मार्च को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा।

राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन के संबंध में प्राधिकरण सचिव कुलदीप शर्मा ने बुधवार को अतिरिक्त जिला कलक्टर (शहर) राजीव द्विवेदी व अधिकारियों के साथ बैठक कर राजीनामें से प्रकरणों के निस्तारणों पर चर्चा की। एडीएम सिटी द्विवेदी ने इस लोक अदालत में अधिक से अधिक राजस्व प्रकरणों के निस्तारण पर जोर दिया और उन्होंने परिवादियों से भी आह्वान किया कि इस कार्यक्रम का पूरा लाभ लें।

बैठक में अधिकाधिक प्रकरणों को राष्ट्रीय लोक अदालत में रखने एवं निस्तारित करने के निर्देश प्रदान किये गए। उन्होंने इसके व्यापक प्रचार-प्रसार के भी निर्देश दिए ताकि अधिक से अधिक परिवादियों को राहत मिले। प्राधिकरण सचिव कुलदीप शर्मा ने बताया कि यदि पक्षकार प्रकरण को राष्ट्रीय लोक अदालत में रखवाना चाहते है तो जिस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन है उस न्यायालय में जाकर पीठासीन अधिकारी से निवेदन कर सकते है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिकाधिक राजीनामा योग्य प्रकरणों का निस्तारण किया जाएगा।

बाल विवाह की रोकथाम के प्रयासों पर हुई चर्चा-बैठक के दौरान एडीजे शर्मा ने जिले में बाल विवाह की रोकथाम के संबंध में प्रभावी प्रयास करने और शिकायतों के निस्तारण के लिए नियंत्रण कक्ष को सुदृढ करने की बात की। इस पर एडीएम द्विवेदी ने संबंधित अधिकारियों को जिला मुख्यालय सहित विभिन्न स्तर पर नियंत्रण कक्ष स्थापित करते हुए इस दिशा में प्रभावी प्रयास करने के निर्देश दिए।

उन्होंने यह भी कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को जागरूक करते हुए बाल विवाह की रोकथाम के लिए प्रेरित किया जाए और कहीं भी शिकायत मिलने पर त्वरित कार्यवाही की जाए। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंजना सुखवाल सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

खरीद एजेंसियों का गेंहू खरीद से संबन्धित प्रशिक्षण

कोटा, 7 मार्च। भारतीय खाद्य निगम मण्डल कार्यालय स्तर पर आरएमएस 2024-25 के दौरान समर्थन मूल्य पर गेहूँ खरीद करने वाली खरीद एजेंसियों राजफेड, तिलम संघ, नाफेड एवं एनसीसीएफ के लिए खरीद कार्य हेतु बुधवार को गुणवत्ता एवं विश्लेषण सम्बन्धी द्वितीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। मण्डल प्रबन्धक प्रणय मुदगिल, सहायक महाप्रबंधक (गुण नियंत्रण) सुरेश कुमार मीना की उपस्थिति में राज्य एजेंसियों के कर्मचारियों को समर्थन मूल्य के तहत आरएमएस 2024-25 खरीद कार्य के लिए गुणवत्ता जांच एवं विश्लेषण सम्बन्ध में प्रशिक्षण दिया गया। मण्डल प्रबन्धक ने बताया कि इस वर्ष एफसीआई को 35, राजफेड को 93, तिलम संघ को 26, नाफेड को 2 एवं एनसीसीएफ को 3 खरीद केन्द्रों पर खरीद का कार्य आवंटित किया गया है। उन्होंने बताया कि राजस्व जिले कोटा, बूंदी, बारां, झालावाड़, सवाई माधोपुर में खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग द्वारा आरएम 2024-25 के दौरान गेहूं खरीद का कार्य 10 मार्च से 30 जून तक किये जाने का निर्णय लिया गया है। राज्य सरकार द्वारा किसानों का पंजीकरण शुरू हो चुका है। उन्होंने खरीद कार्य सम्बन्धी जानकारी देते हुए बताया कि रबी विपणन वर्ष 2024-25 में भारत सरकार द्वारा गेहूं खरीद के न्यूनतम समर्थन मूल्य में बढ़ोतरी की गई है। रबी विपणन वर्ष 2024-25 में भारतीय खाद्य निगम तथा राजस्थान सरकार द्वारा समर्थन मूल्य गेहूं खरीद केन्द्रों पर समर्थन मूल्य 2275 रूपये प्रति क्विंटल पर 125 रूपये प्रति क्विंटल बोनस घोषित किया है और 2400 रूपये पर गेहूं की खरीद की जानी है। पंजीकरण के लिए जारी क्यूआर कोड को स्कैन कर ऑनलाइन पंजीकरण की वेबसाइट पर जा कर पंजीकरण कर सकते हैं।

इंटर पॉलिटेक्निक कॉलेज खेलकूद प्रतियोगिता का समापन आज

कोटा, 7 मार्च। राजस्थान सरकार की 100 दिवसीय कार्य योजना के अंतर्गत राजकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में बुधवार को तीसरे दिन कबड्डी और वॉलीबॉल के सेमीफाइनल मैच हुए। जिनके विजेता एवं उपविजेता को छोड़कर अन्य सभी खिलाड़ी अपने गंतव्य को लौट जाएंगे। महाविद्यालय के प्राचार्य राजेश कुमार शर्मा ने बताया कि गुरूवार 7 मार्च को अंतर पॉलिटेक्निक महाविद्यालय खेलकूद प्रतियोगिता का समापन समारोह आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी एवं प्रमाण पत्र के साथ सम्मानित किया जाएगा। खेल मुख्य संयोजक एसके मेहर ने बताया कि बुधवार को मुख्य रूप से पुरुष वर्ग टीम के कबड्डी सेमी फाइनल मैच में राजकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय अलवर ने झुंझुनू को हराकर फाइनल में पहुंची, वहीं दूसरे सेमीफाइनल में राजकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय जोधपुर ने नागौर को हराकर फाइनल में जगह बनाई।

यातायात नियमों की दी जानकारी

जयपुर, 7 मार्च। यातायात पुलिस जयपुर ने सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं यातायात नियमों की जागरूकता हेतु अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस उपायुक्त यातायात श्री सागर जी के निर्देशन में यातायात पुलिस जयपुर द्वारा सड़क सुरक्षा जन जागरूकता एवं सड़क दुर्घटनाओं को रोकने हेतु कार्यक्रम आयोजित किए जा कर हर वर्ग तक संदेश पहुंचाने के प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में 06 मार्च 2024 को गार्गी पब्लिक सेकेंडरी स्कूल ब्रह्मपुरी जयपुर में यातायात जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम में श्री प्रेम सिंह कांस्टेबल द्वारा छात्र-छात्राओं, अध्यापकों को यातायात नियमों, गुड्स सेमेरिटन, गोल्डन आवर्स की जानकारी दी गई व यातायात रोड साईन से संबंधित पंपलेट पोस्टर का वितरण किया गया। छात्र-छात्राओं तथा अध्यापकों को यातायात नियमों की पालना हेतु शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में स्कूल के प्रबंधक श्री गोपाल शर्मा एवं अध्यापकगण तथा श्री ताराचंद हेड कांस्टेबल, वर्गो सांस्कृतिक संस्था के सूचना मंत्री श्री सुनील जैन उपस्थित रहे।

कार्यालय अधिशाषी अभियंता, सा.नि.वि. खण्ड-भरतपुर

क्रमांकः 5503 दिनांकः 28.02.2024

-:: निविदा सूचना संख्या 37/2023-24 ::-

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से इस खण्ड के अधीन **02 नं. कार्य एवं निविदा की कुल राशि रु. 208.57** लाख हेतु मोहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। जिससे संबंधित विवरण एवं सूचनाएं वेबसाइट **www.pwd.rajasthan.gov.in** एवं **www.dipr.rajasthan.gov.in** एवं **(http://sppp.rajasthan.gov.in)** पर देखी जा सकती हैं।

NIB Code: PWD2324A4779

UBN No.: PWD2324WSOB20663, PWD2324WSOB20664

डीआईपीआर/सी/2025/2024 अधिशाषी अभियंता, सा.नि.वि. खण्ड-भरतपुर

OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER PHED DIV. DIDWANA

E-mail: eepheddid@gmail.com, eedee.nag.phed@rajasthan.gov.in

No. EEPHED/Did/PC/23-24/3122 Date: 28.02.2024

NOTICE INVITING BID (NIT NO. 121/2023-24)

Bids for Work of Power Factor under PHED Div. Didwana is invited from interested bidders upto 3.00 PM on date 11.03.2024. Other particulars of the Bid may be Visited on the procurement portal **(https://sppp.rajasthan.gov.in)** and **https://eproc.rajasthan.gov.in/nicgep/app** and **https://phedtenders.raj.nic.in/** website.

क्र.सं.	निविदा संख्या	यू.बी.एन. नंबर
1	121/23-24	PHE2324WSOB14125

(JK Charan)
Executive Engineer,
PHED Div. Didwana

DIPR/C/2029/2024

OFFICE OF THE SUPERINTENDING ENGINEER PHED CIRCLE DIDWANA-KUCHAMAN

E-mail: sephedcircledk@gmail.com

No. SE/PHED/Did/PC/23-24/ Date: ....

NOTICE INVITING BID (NIT NO. 34-45/2023-24)

Bids for Work of Various Work under PHED Circle Didwana-Kuchaman is invited from interested bidders upto 3.00 PM on date 11.03.2024. Other particulars of the Bid may be Visited on the procurement portal **(https://sppp.rajasthan.gov.in)** and **https://eproc.rajasthan.gov.in/nicgep/app** and **https://phedtenders.raj.nic.in/** website.

क्र.सं.	निविदा संख्या	यू.बी.एन. नंबर	क्र.सं.	निविदा संख्या	यू.बी.एन. नंबर
1	34/23-24	PHE2324WSOB14105	7	40/23-24	PHE2324WSOB14111
2	35/23-24	PHE2324WSOB14106	8	41/23-24	PHE2324WSOB14113
3	36/23-24	PHE2324WSOB14107	9	42/23-24	PHE2324WSOB14115
4	37/23-24	PHE2324WSOB14108	10	43/23-24	PHE2324WSOB14117
5	38/23-24	PHE2324WSOB14109	11	44/23-24	PHE2324WSOB14118
6	39/23-24	PHE2324WSOB14110	12	45/23-24	PHE2324WSOB14119

(JK Charan) Superintending Engineer,
DIPR/C/2031/2024 PHED Circle Didwana-Kuchaman

राजस्थान सरकार
कार्यालय अधीक्षण अभियंता एवं परियोजना प्रबन्धक वाटरशेड सेल कम डाटा सेन्टर जिला परिषद्-नागौर

मेलः sewdsc.nagaur@rajasthan.gov.in

क्रमांकः WCDC/निविदा/PMKSY-2.0/2023-24/5495 दिनांकः 29.02.2024

ई-निविदा सूचना संख्या- 23/PMKSY-2.0/2023-24

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से जलग्रहण विकास एवं भू-संरक्षण विभाग जिला नागौर में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना-2.0 के उत्पादन मद अन्तर्गत कैटलशेड मय फिडिंग मेंजर निर्माण कार्य के लिए उपर्युक्त श्रेणी में सार्व. निर्माण विभाग, जल संसाधन विभाग, जन स्वा. एवं अभि. विभाग, सिंचित क्षेत्र विकास में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार/केन्द्रीय सरकार के अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवं दूर संचार विभाग/रेलवे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों जो कि राजस्थान सरकार के विभिन्न सक्षम श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्योरमेंट प्रक्रिया द्वारा दिनांक 10 मार्च 2024 को सायं 06.00 बजे तक ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। कार्य का विस्तृत विवरण **"https://sppp.rajasthan.gov.in", "https://eproc.rajasthan.gov.in"** वेबसाइट पर देखा जा सकता है।

NIB Code:- WSC2324A0527

UBN No.:- WSC2324WSOB01118, WSC2324WSOB01119

अधीक्षण अभियंता एवं परियोजना प्रबन्धक

डीआईपीआर/सी/2098/2023 वाटरशेड सेल कम डाटा सेन्टर, नागौर

कार्यालय अधिशाषी अभियंता, जन स्वा.अभि. विभाग खण्ड, कुचामन

क्रमांकः अअ/निविदा/2023-24/4462 दिनांकः 01.03.2024

निविदा सूचना सं. 30, 33/2022-23

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से इस खण्ड के अधीन विभिन्न कार्यो उपर्युक्त श्रेणी में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिक विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवं दूर संचार विभाग/रेलवे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों जो कि राजस्थान सरकार के एए, ए, बी, सी, डी श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो से निर्धारित प्रपत्र में ई-टेण्डरिंग प्रक्रिया हेतु ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।

क्र. सं.	कार्य/पैकेज का विवरण	अनु. लागत (लाखों में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि	निविदा प्रपत्र विक्रय/प्राप्ति कार्यालय
16	Operation & Maintenance of Tube well, pump house, pipe line etc. of R.W.S.S. Kukanwali-Panchawa under Sub Div. Kuchaman (Annual Rate Contract)	9.50	12 माह	अधिशाषी अभियंता, जन स्वा. अभि. विभाग, खण्ड, कुचामन
21	Operation & Maintenance of R.W.S.S. Mithri under Sub Div. Nawa (Annual Rate Contract)	9.43	12 माह	अधिशाषी अभियंता, जन स्वा. अभि. विभाग, खण्ड, कुचामन
30	Removing of Leakages in various size pipe line under UWSS Kuchaman Under Sub Division Kuchaman City (Annual Rate Contract)	10.00	12 माह	अधिशाषी अभियंता, जन स्वा. अभि. विभाग, खण्ड, कुचामन
33	Work of maintaining power factor on various wss & pumphouses by provding installing suitable electrical devices under Div Kuchaman (ARC)	15.00	24 माह	अधिशाषी अभियंता, जन स्वा. अभि. विभाग, खण्ड, कुचामन

निविदा से संबंधित विवरण वेबसाइट **http://dipr.rajasthan.gov.in/tender.asp** तथा **http://eproc.rajasthan.gov.in** व **http://sppp.raj.gov.in** पर देखा जा सकता है। इच्छुक संवेदकों को अपने डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से वेबसाइट **http://eproc.rajasthan.gov.in** पर रजिस्टर्ड करवाना आवश्यक है।

(आर.एल. मीना) अधिशाषी अभियंता

डीआईपीआर/सी/2072/2024 जन स्वा.अभि. विभाग खण्ड, कुचामन

कार्यालय नगर पालिका कुचेरा, जिला - नागौर

क्रमांकः- 1948 दिनांक :- 28.02.2024

निविदा सूचना 05/2023-24

नगरपालिका कुचेरा द्वारा निम्नांकित कार्यो हेतु अधिकृत फर्म से दिनांक 11.03.2024 को सांय 3 बजे तक मुहर बन्द निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा कॉपी निर्धारित शुल्क जमा करवाकर दिनांक 11.03.2024 को दोपहर 1.00 बजे तक कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है अथवा वेब वाईट **www.sppp.rajasthan.gov.in** से डाउनलोड कर प्राप्त की जा सकती है। निविदा विक्रय/प्राप्ति तिथि को राजकीय अवकाश होने पर आगामी कार्य दिवस को निविदा स्वीकार की जायेगी।

निविदा का विवरण निम्न प्रकार है :-

क्र. सं.	कार्य का नाम	कार्य की अनुमानित लागत (राशि लाखों में)	धरोहर राशि (0.5 प्रतिशत)	धरोहर राशि (2 प्रतिशत)	निविदा शुल्क	कार्य की अवधि
1	पालिका कार्यक्रमों में टेंट लगाने का कार्य	4.90	2450	9800	500	वितीय वर्ष 2024-25
2	EProc & sppp पर निविदा अपलोड व ऑपन करना व अन्य संबंधित सभी कार्य।	1.90	950	3800	500	वितीय वर्ष 2024-25
3	कार्यालय से संबंधित यात्राओं हेतु वाहन किराये पर उपलब्ध करवाने का कार्य।	3.50	1750	7000	500	वितीय वर्ष 2024-25
4	नगरपालिका कुचेरा क्षेत्र में विद्युत व्यवस्था हेतु रोड़ लाईट हैल्पर उपलब्ध करवाना।	6.50	3250	13000	500	वितीय वर्ष 2024-25
5	नगरपालिका कुचेरा क्षेत्र में सफाई व्यवस्था हेतु संवेदक के माध्यम से सफाई श्रमिक उपलब्ध करवाना।	24.99	12495	49980	1000	वितीय वर्ष 2024-25
6	नगरपालिका क्षेत्र में घर-घर कचरा संग्रहण कार्य	24.99	12495	49980	1000	वितीय वर्ष 2024-25
7	नगरपालिका क्षेत्र में नालों की सफाई एवं अन्य कार्यो हेतु संविदा पर जे.सी.बी. कार्य	20.00	10000	40000	1000	वितीय वर्ष 2024-25
8	व्हील बेरोज सप्लाई कार्य	4.90	2450	9800	1000	वितीय वर्ष 2024-25
9	फ्लेक्स, बैनर प्रिंटिग कार्य	2.00	1000	4000	500	वितीय वर्ष 2024-25
10	भैरव पार्क का रख-रखाव कार्य	15.00	7500	30000	1000	वितीय वर्ष 2024-25
11	पार्को में पेड़-पौधो को पानी हेतु टेंकर सप्लाई	4.90	2450	9800	500	वितीय वर्ष 2024-25

UBN is: DLB2324SSOB34570, DLB2324SSOB34576, DLB2324SSOB34581, DLB2324SSOB34585, DLB2324SLOB34589, DLB2324SLOB34594, DLB2324SLOB34598, DLB2324GSOB34603, DLB2324SSOB34604, DLB2324SLOB34606, DLB2324SSOB34608

राज.संवाद/सी/23/14318 **अध्यक्ष** **अधिशाषी अधिकारी**

अमर हुतात्मा पंडित लेखराम को भारत रत्न दिया जाना चाहिए -'यश'

पंडित लेखराम को मतांध मुसलमान ने छुरा घोप शहीद किया वलिदान दिवस पर दी ओउमाश्रय सेवा धाम में दी श्रद्धांजलि।



जयपुर, 7 मार्च। अमर हुतात्मा पंडित लेखराम ने संयुक्त पंजाब के मुल्तान क्षेत्र में हजारों की संख्या में हिन्दुओं को मुसलमान बनने से रोकने घर में मरण शैय्या पर वेटे को छोड़ ठहराव न होने के कारण चलती रेल से कूद कर विधर्मी होने से बचाया। उक्त कथन वैदिक चिंतक एवं ओउमाश्रय सेवा धाम संचालक यशपाल यश ने लेखराम वलिदान दिवस पर व्यक्त करते हुए केंद्र सरकार से उन्हें 'भारत रत्न' सम्मान पृदान कर कृतज्ञता ज्ञापन की मांग की। यश ने कहा कि वैदिक विद्वान लेखक पंडित जी को मतांध मुसलमान ने छुरा घोंपकर शहीद किया।इस अवसर पर पवन आर्य एवं श्रीमति वंदना आर्य यज्ञ की मुख्य यजमान रहे। यज्ञ संचालन श्रीमति मधु रानी ने किया। देवेश गोयल सुरेश वैरबा उत्तम जांगिड़ ने भी आताताईओं के विरुद्ध वलिदान को नमन करते हुए श्रृद्धांजलि अर्पित की।